भिलाई में अतिवृष्टि/बाढ़ से बचाव के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंट्रोल रूम की हुई स्थापना, निगमायुक्त रोहित व्यास ने जारी किया आदेश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अतिवृष्टि/बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। इसके लिए नोडल अधिकारी उपायुक्त रमाकांत साहू को बनाया गया है। महापौर नीरज पाल के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसके आदेश प्रसारित कर दिए हैं। आदेश के तहत मुख्य कंट्रोल रूम में रमाकांत साहू उपायुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को नियुक्त किया गया है। सहयोगी कर्मचारी के रूप में जयकुमार जैन एवं पतिराम बरेठ, संतोष हरमुख एवं चूड़ामणि यादव को लगाया गया है। कंट्रोल रूम में दिलीप यादव , उमेश कोरी, दिलीप कुमार हूमने, उमाशंकर, युवराज साहू एवं टुमन लाल साहू की ड्यूटी लगाई गई है। आपदा शिविर एवं राहत सामग्री के लिए कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा को नियुक्त किया गया है तथा सहयोगी के रूप में वेश्राम सिन्हा प्रभारी कार्यपालन अभियंता , उप अभियंता अर्पित बंजारे, सीताराम यादव एवं रामप्रवेश को लगाया गया है। आपदा में पेयजल आपूर्ति के लिए कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा तथा सहयोगी के रूप में बृजेश श्रीवास्तव सहायक अभियंता व बसंत साहू उप अभियंता को नियुक्त किया गया है। विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता टी के रणदिवे एवं सहयोगी के रूप में अर्पित बंजारे उप अभियंता तथा तीरथ यादव को नियुक्त किया गया है। चिकित्सा दल के लिए स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहयोगी के रुप में के.के. सिंह , आनंद चक्रधर तथा चेलाराम वर्मा को नियुक्त किया गया है। नेहरू नगर जोन क्रमांक एक में बाढ़ नियंत्रण दल के लिए जोन आयुक्त राजेंद्र नायक सहयोगी अधिकारी में सहायक अभियंता आर एस राजपूत, धीरज साहू, अंकित सक्सेना की ड्यूटी लगाई गई है। वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 में बाढ़ नियंत्रण दल के लिए जोन आयुक्त येशा लहरें सहयोगी अधिकारियों के रूप में सहायक राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी , अनिल मिश्रा को नियुक्त किया गया है। मदर टेरेसा नगर जोन क्रमांक 3 में बाढ़ नियंत्रण दर हेतु जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा सहयोगी अधिकारियों के रूप में सहायक अभियंता अरविंद शर्मा , मलखान सिंह सोरी , आरपी तिवारी , सुदामा परघनिया को लगाया गया है। शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु जोन आयुक्त पूजा पिल्ले सहयोगी अधिकारी में सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , बालकृष्ण नायडू, वीरेंद्र बजारे को नियुक्त किया गया है। सेक्टर 6 जोन क्रमांक 5 में बाढ़ नियंत्रण के लिए जोन आयुक्त खिरोद्र भोई सहयोगी अधिकारियों में सहायक अभियंता वसीम खान, अनिल मेश्राम, वीके सैमुअल एवं हेमंत मांझी को नियुक्त किया गया है। वाहन नियंत्रण कक्ष प्रभारी कार्यपालन अभियंता सीडी पर परघनियां होंगे सहयोगी के रूप में उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं सुभाष साहू को नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था के लिए वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह की नियुक्ति की गई है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निर्देशित किया है कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुले रहेंगे एवं अतिवृष्टि के दौरान कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाले शिकायतों का निराकरण तत्काल संबंधितो की जानकारी में लाकर किया जाएगा। प्रभार क्षेत्र अंतर्गत आपदा शिविर स्थलों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार व्यवस्था करेंगे। निचले क्षेत्रों में जहां अतिवृष्टि के दौरान पानी भरने की समस्या आती है ऐसे चिन्हित स्थलों को विशेष रूप से सतत निगरानी में रखी जाए एवं पूर्व से बचाव दल को निर्देशित कर लिया जाए। निगम क्षेत्र में स्थित अस्पताल एवं और औषधालय में पर्याप्त आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रखा जाए एवं आवश्यकता होने पर मरीजों के लिए शिविर लगाए जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित किया जाए। तोड़फोड़ दस्ता एवं तोड़फोड़ प्रभारी भी अलर्ट मोड में रहेंगे। संपर्क के लिए नोडल अधिकारी रमाकांत साहू का मोबाइल नंबर 9098907321 तथा जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 राजेंद्र नायक का मोबाइल नंबर 7000517619, वैशाली नगर जोन आयुक्त का मोबाइल नंबर 6232769888, मदर टेरेसा नगर जोन आयुक्त का मोबाइल नंबर 7879152951, शिवाजी नगर जोन आयुक्त का मोबाइल नंबर 9981159559 तथा सेक्टर 6 जोन आयुक्त का मोबाइल नंबर 9340722292 पर संपर्क किया जा सकता है।